## सार-समाचार

### भरतपुर में 45वां लोहागढ केसरी कुश्ती दंगल का शुभारम्भ

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर जिला कुश्ती संघ इण्डियन स्टाइल व भूरी सिंह व्यायामशाला के तत्वावधान में महाराजा सूरजमल कुश्ती स्टेडियम भरतपुर में 45वां लोहागढ केसरी-कुमार-किशोर-बसंत कुश्ती दंगल का उदघाटन कुश्ती संघ के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता व भरतपुर इलैक्ट्रसिटी सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी आकाश सक्सैना, पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह के आतिथ्य में हुआ। दंगल के संयोजक चुन्नी कप्तान, लाखन पहलवान व खेल अधिकारी सत्यप्रकाश, जगदीश बंजी, बाबू सिंह रेंजर ने अतिथियों का साफा, माला व स्मृति चिंह देकर स्वागत किया। चुन्नी कप्तान ने बताया कि सभी खिताबों में 106 पहलवानों ने व स्पेशल कुश्ती हेतु 30 बाल पहलवानों ने अपने वजन दिए। सभी खिताबों का प्रथम दोर सम्पन्न हुआ जिसमें केसरी में मोहित फौगाट फरीदाबाद, प्रवीन रोहतक, अभिषेक थल सेना, रक्षित चोधरी मान्डोठी, रोहित मिर्चपुर, सतवीर सेह, भारत लाडपुर व दीपक नूरपुर ने अपने मुकावले जीते, कुमार में कपिल रोहतक, अर्जुन अजमेर, मोसम परमदरा, अभिषेक स्टेडियम सुखदेव सेह, लवकुश स्टेडियम, विवेक होडल ने अपने मुकावले जीते। किशोर संदीप भीलवाडा, पालेन्द्र स्टेडियम सागर जघीना, लखन परमदरा ने जीते। बसंत में कुन्नु ऋषि, निषांत होडल, मनीष भीलवाडा जीते। निर्णायक सत्य प्रकाश, तेजेन्द्र लाला, गंगा सिंह, नरेन्द्र सिंह, गोतम सिंह, ब्रजेश शर्मा, भरत चौधरी, टिंकू खां, भगवान सिंह, अर्जुन सिंह, वीर सिंह थे। दंगल में दलवीर हाथी, जीतू अजान, जगत धरसोनी, चन्द्रवीर दूधाधारी, हरवीर गहनोली, सुरेश सावोरा ने भी सहयोग किया। दंगल का सफल संचालन चुन्नी कप्तान ने किया। स्टेडियम में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। सुरक्षा व्यवस्था अटलबंद थाना अधिकारी की रही। कप्तान ने बताया कि कल 22 मार्च को दोपहर 12 बजे से दंगल शुरू होगा, दंगल के पारितोषिक वितरण सांय 4 बजे होगा जिसमें जिला कलक्टर भरतपुर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### विद्युत् बिलों से सम्बंधित कैंप का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** बीईएसएल द्वारा विद्युत् बिलों से सम्बंधित कैंप का आयोजन रविवार को संस्कृत स्कूल, महात्मा गाँधी पब्लिक स्कूल, पकोड़े वाली गली, सेवर में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बीईएसएल, विद्युत विभाग द्वारा एक कैंप का आयोजन किया जायेगा। बीईएसएल के जनसम्पर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि इस कैंप में पुराने बकाया बिलों की वजह से कटे पड़े विद्युत् कनेक्शनों को पुनः चालू कराया जा सकता है। साथ ही उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिलों का किश्त करा के या पेनल्टी में रियायत प्राप्त कर एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं। 15 मार्च को बरसो का नगला - सोनपुरा, विजय नगर स्थित अम्बेडकर भवन पर आयोजित कैंप में काफी लोगों ने अपने पुराने बकाया बिलों की पेनल्टी में रियायत प्राप्त कर कटे पड़े कनेक्शनों को उसी दिन चालू कराया। अतः सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे समय पर कैंप में पधारें और इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठावें। साथ ही सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं के बकाया राशि की वजह से विद्युत कनेक्शन कटे पड़े हैं और यदि वे विद्युत चोरी करते हैं या अपने किसी पडोसी से विद्युत आपूर्ति लेते हैं तो विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत सख्त कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

### श्रीमहावीरजी में धूमधाम से मनाई मीनेशजयंती

**श्रीमहावीरजी।** राष्ट्रीय आदिवासी मीणा महासभा संस्थान के तत्वाधान में मत्स्य भगवान के चित्रपट पर पुष्प और माला पहनाकर मीनेश जयंती हर्षोल्लाह और बडी धूमधाम से मनाई गई, राष्ट्रीय आदिवासी मीणा महासभा के प्रदेश महासचिव मास्टर रामचरण पहाड़ी और पूर्व सरपंच त्रिलोक चंद मीणा ने बताया कि मीणा धर्मशाला शांतवीर नगर श्री महावीर जी में मत्स्य जयंती हर्षोल्लास और बड़ी धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर आदिवासी मीणा समाज के बुद्धिजीवी पंच पटेल एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। महासचिव रामचरण पहाड़ी जी ने अपने संबोधन में बताया कि दानालपुर के भामाशाह पूर्व सरपंच रघुनाथ मीणा के पुत्र कस्टम अधिकारी शिवनारायण मीणा ने टेलीफोन पर बात करके मंदिर विकास हेतु अपना योगदान देने की हर संभव बात कही। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामहंस गांवड़ी,पुर्वसरपंच त्रिलोक,शिवदयाल मीणा कटकड, लखनलाल बझेड़ा सहित कई लोगों ने नारी शिक्षा को बढ़ावा और खेती में उन्नत साधन अपनाने साथ ही आदिवासी समाज के युवाओं को बिजनेस में हाथ आजमाने की बात कही जिससे कि समाज का सर्वांगीण विकास हो सके।

### भुसावर क्षेत्र में गणगौर पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** कस्बा भुसावर सहित आसपास के ग्रामीण परिवेश में गणगौर का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं एवं युवतियों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने एक स्थान पर एकत्रित होकर ईसर-गणगौर की कथा सुनी और विधि-विधान से माता गणगौर की पूजा-अर्चना की। पर्व के अवसर पर छोटी-छोटी बालिकाओं में खासा उत्साह नजर आया। पिछले सोलह दिनों से गणगौर खेल रही बालिकाएं ईसर-गणगौर का स्वरूप सजाकर रघुनाथ बाग पहुंचीं और मेले का आनंद लिया। मेले में चाट-पकौड़ी की दुकानों एवं झूलों पर बच्चों और युवाओं की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि गणगौर राजस्थान का प्रमुख लोकपर्व है। जो भगवान शिव (ईसर) और माता पार्वती (गौरी) की आराधना को समर्पित है।

# सूरौठ कस्बे में पारंपरिक परिधानों के साथ निकली गणगौर माता की भव्य शोभायात्रा

■ **थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धा व उल्लास से निकली सवारी**

**सूरौठ।** कस्बे में शनिवार को गणगौर पर्व के अवसर पर रियासत कालीन गणगौर माता की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। कस्बे के सूरौठ महल व सूरौठ गढ़ से शाम 5 बजे गणगौर की सवारी शोभायात्रा के साथ प्रारम्भ हुई शोभायात्रा के साथ तहसीलदार संजीव धाकड़, थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामवतार शर्मा, पुरूषोत्तम बंशीवाल दिलीप सिंह राजावत,केदार मीना, पूर्व उप-सरपंच श्याम सुंदर सैनी, सफाई प्रभारी खेमराज मीणा, आरंभ महावर, बजरंग राजावत भारत राजावत रहे उपस्थित व इस अवसर पर सूरौठ तहसील के विभिन्न गांव से महिला -पुरुष बड़ी संख्या मे शामिल हुए।

शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होकर निकली, जहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह माता का स्वागत कर पुष्पवर्षा की। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं, वहीं पुरुष भी राजस्थानी परिधान में आकर्षक नजर आए। डीजे और बैंड की धुनों पर युवा वर्ग उत्साहपूर्वक नाचते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गणगौर माता की सवारी के दौरान श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की सजीव झाँकियां शामिल हुई। कस्बे के सर्व समाज के गणमान्य लोगों ने व्यवस्थाओ मे विशेष सहयोग किया।यहां दो दिवसीय गण गौर की सवारी निकाली जाती है। इस आयोजन मे हनुमानजी,राधा कृष्ण, अघोरी शिव सहित कई झांकियां शामिल हुई कमेटी सदस्य विश्राम मीणा व नरेन्द्र बाबा ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे जिकड़ी गायन की शुरुआत हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश व राजस्थान के कई शहरों से 7 गायन पार्टियों ने भाग लिया जिंकडी गायन शाम आठ बजे तक चला जिसमें सभी गायन पार्टीयों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी, जिन्हें सुनकर श्रोता गण मंत्र मुग्ध हो गयें, सभी गायन पार्टियों के मेडियाओं का कमेटी कि ओर से माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया, इस अवसर पर कई लोग उपस्थित रहें ।

## आरोग्य मेला का समापन

**करौली।** जिला मुख्यालय पर गति 3 दिन से चल रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेला करौली का शनिवार को अजमेर के अतिरिक्त निदेशक डॉ रमेश मीणा समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे आयुष विभाग राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन की ओर से यहां के पीजी कॉलेज के पीछे खेल मैदान में गत 18 मार्च 2026 से संभाग स्तरीय विशाल आरोग्य मेला का शुभारंभ हुआ जिस तीन दिवसीय आरोग्य में लेकर शनिवार को समापन हुआ जिसमें अजमेर के अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर रमेश मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और डॉक्टर घनश्याम मीणा उपनिदेशक कैंप जयपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे समापन कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति डीडी डॉक्टर सुशील पाराशर और नोडल अधिकारी डॉक्टर सतीश पाराशर सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर कालूराम मीणा मेले में प्रमुख रहे समापन कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि रमेश मीणा ने आरोग्य मेले में चिकित्सा पद्धित की लगी सभी स्टाइलों पर पहुंचकर संबंधित डॉक्टर एस और अन्य कर्मचारी से जानकारी इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर कालूराम मीणा ने मेला प्रतिवेदन से समापन समारोह में उपस्थित लोगों को अवगत कराया और उन्होंने कहा कि मेले में आयुष विभाग की आयुर्वेदिक होम्योपैथिक यूनानी प्राकृतिक और योग सिद्ध अग्निकर्म मर्म छार सूत्र पंचकर्म आदि सभी चिकित्सा यूनिटो पर कर करीब 10000 रोगियों को लाभान्वित किया गया है कार्यक्रम में प्रमुख के साथ कार्य डॉक्टर गौरव अठावाल डॉक्टर भीम सिंह मीणा होम्योपैथिक चिकित्सा के डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा सहित सभी कार्मिक उपस्थित रहे समापन कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर रमन स्वरूप लवानिया मेला प्रभारी ने किया अंत में आरोग्य मेले में ड्यूटी देने वाले सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## शाहिद खान बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**भरतपुर ( निस )।** शहर कांठोस कार्यालय गोवर्धन मार्केट पर अल्पसंख्यक कांठोस के जिला अध्यक्ष शाहिद खान कांठोस अल्पसंख्यक विभाग का जिला अध्यक्ष बनने पर का शहर कांठोस परिवार में माल साफा और फोटो देकर स्वागत सम्मान किया। जिलाअध्यक्ष शाहिद खान ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभी को धन्यवाद व्यापित किया और कहा कि भरतपुर जिले में वह कांठोस की रीति नीति को बढ़ाएंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर दयाचंद पचौरी शहर संगठन महामंत्री डॉक्टर लोकपाल सिंह शहर प्रवक्ता दिगंबर सिंह खटाना अभिषेक तिवारी चरण सिंह योगेश खटाना प्रतीक बुराबई मोनी सरदार सोनू सिंह बंटी राणा दीपू योगेश दिवाकर उपेंद्र चंदेल देवेश चौधरी मनीष भाडौर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ईद-उल-फितर पर हिण्डौन में दिखा भाईचारे का संदेश

■ **ईदगाहों में अदा हुई नमाज, बाजारों में रही रौनक**

■ **हाडोली स्थित दरगाह में सुबह 8 बजे हाफिज अब्दुल रहमान के नेतृत्व में नमाज अदा की गई**

**हिण्डौन सिटी।** शनिवार को ईद-उल-फितर का पावन पर्व शहर में हर्षोल्लास, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह ईदगाहों और दरगाहों में विशेष नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे शहर में आपसी सौहार्द का माहौल नजर आया।

करौली रोड स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। हाफिज शफी ने नमाज अदा कराई, जबकि मुफ्ती अब्दुल हमीद कुरैशी ने अपने बयान में नेकी, सच्चाई और भाईचारे का संदेश देते हुए देश में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

इसी तरह हाडोली स्थित दरगाह में सुबह 8 बजे हाफिज अब्दुल रहमान के नेतृत्व में नमाज अदा की गई, जिसमें शेरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे। गुनसार की दरगाह में भी सुबह 8 बजे नमाज अदा कर लोगों ने देश की तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद शहर के बाजारों में विशेष रौनक देखने को मिली। ईदगाह के बाहर अस्थाई दुकानों पर बच्चों के खेल-खिलौने, मिठाइयां और अन्य सामान की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर बच्चों में ईद को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया।

त्योहार के मद्देनजर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएसपी मुनेश मीना, कोतवाली थाना प्रभारी महेंद्र सिंह एवं तहसीलदार सीमा बघेल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर तैनात रहे। नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए करौली रोड से गुजरने वाले वाहनों को बरगमा रोड की ओर डायवर्ट किया । ईद के इस मौके पर हिण्डौन में जहां एक ओर इबादत और आध्यात्मिकता का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर एवं दवाइयों का वितरण

**भरतपुर ( निस )।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई, भरतपुर एवं गीतांजलि हॉस्पिटल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अठावाल धर्मशाला, खिरनी घाट, भरतपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

शिविर में जनरल फिजीशियन, जनरल सर्जन एवं ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया तथा ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की गई। इस अवसर पर युवा टीम द्वारा नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को विशेष राहत मिली, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अठावाल महासभा के अध्यक्ष अतुल मित्तल रहे, साथ ही शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य, योगेश सिंघल, बबीता शर्मा, मोहन मित्तल, विनोद सिंघल, महेश सिंघल, मुकेश गोयल (बृजवासी वाले),जितेन्द्र जायसवाल, ओमप्रकाश माहेश्वरी, विष्णु लोहिया, अमित खण्डेलवाल, संतोष खंडेलवाल, ओमप्रकाश सिंघल, सनत गुप्ता, गौरांग अठावाल, रामेन्द्र सर्राफ, कपिल बंसल, राकेश गोयनका, विवेक मित्तल एवं तरुण जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष मनीष गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। आज के समय में स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया है, ऐसे में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंच सकें। महामंत्री एडवोकेट अभिषेक जैन ने कहा कि युवा शक्ति यदि ठान ले तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई निरंतर ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहित कार्य जारी रहेंगे। अंत में महामंत्री एडवोकेट अभिषेक जैन ने सभी आए अतिथियों का स्वागत-सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## उत्साह के साथ मनाई ईद उल फितर

**गंगापुर सिटी ।** शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर काजी शाहिद अली की मौजूदगी में ईदगाह में मुख्य नमाज अदा की गई। इस दौरान हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश में अमन-चौन और खुशहाली की दुआएं मांगी। नमाज के लिए सुबह साढ़े सात बजे से ही ईदगाह में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज से पहले ईदगाह कमेटी के सदर अनवार अली काजी, अब्दुल जलील और गफ्फार अली जैदी ने ईद उल फितर के महत्व पर प्रकाश डाला। शहर काजी शाहिद अली ने नेक राह पर चलने का संदेश दिया। ईदगाह के अतिरिक्त शहर की जामा मस्जिद में भी हाफिज रेहान ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान विधायक और प्रतिपक्ष के उपनेता रामकेश मीना भी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 92 वर्षीय वैद्य जगदीश प्रसाद शर्मा का भव्य सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** अलायंस क्लब भरतपुर प्रान्त 120एन भरतपुर द्वारा 92 वर्षीय वैध जगदीश प्रसाद शर्मा ग्राम अंधियारी हाल निवासी जवाहर नगर भरतपुर का पूर्व अलायंस इन्टरनेशनल डायरेक्टर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा संस्थापक प्रान्तपाल, ओंकार सिंह संधु प्रान्तपाल सह प्रान्तपाल लक्ष्मी नारायन गुप्ता, हरेन्द्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश आजाद, गिरधारी लाल गुप्ता ने साफा, शॉल,शाला, दुपट्टा, तुलसी माला, प्रतीक चिंह, ड्राईफ्रूट देकर सम्मानित किया। साथ ही वाणी प्रदूषण मंच से ओ.पी. अठावाल, राष्ट्रीय परशुराम सेना से प्रदेशाध्यक्ष श्याम सुन्दरशर्मा, प्रकाश चंद शर्मा, योगेश शर्मा सेवानिवृत महाप्रबन्धक ग्रामीण बैंक, जगदीश लवानियां, डोरीलाल शर्मा जिला पेंशनर समाज अध्यक्ष, ब्राहमण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सतीश भारद्वाज, चन्द्रशेखर शर्मा सी.आर.एस. के ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व उप निदेशक, वैध लक्ष्मन प्रसाद शर्मा आदि ने भी साफा, दुपट्टा आदि से सम्मानित किया। अलायंस के संस्थापक ने संस्था का परिचय एवं समाज सेवा की जानकारी देते बताया कि हम वरिष्ठजनों के पास बैठकर उनके अनुभवों को साझा करते हैं। श्याम सुन्दर कटारा ने जगदीश प्रसाद का परिचय दियौ वैध लक्ष्मण प्रसाद ने उनकी जीवन चर्चा को बताया। वैध जगदीश शर्मा ने बडे रोचक व उत्साह के साथ अपने अमूल्य अनुभवों से अवगत कराते हुए कविता व चुटकले के रूप में कहा कि मुस्कराहट व पोजीटिव सोच के साथ स्वस्थ मन से जीयें।

### सूरौठ में ईद-उल-फितर पर अदा की नमाज

**सूरौठ ।** कस्बे में ईद-उल-फितर का पर्व भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह ईदगाह में एकत्रित होकर मौलवी हाफिज मौलाना मुख्तार, हाफिज सहूद के सानिध्य में मुख्य नमाज अदा की और देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कस्बे में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली इस अवसर पर जहीर खान,जब्बार खान, जाकिर हुसैन,डॉ खलील खान, कलुआ खान, वकील खान, जाकिर खान कल्ला खान, खलील खान, अशफाक,फजला, गनी खान, पप्पू खान तैयब, रोशन खां कलाम खां, रमजानी, सहित कई मुस्लिम समाज के लोग ने हिंदू मुस्लिम एकता पर खुशी जाहिर की थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर के सानिध्य में सुरक्षा की व्यवस्था की गई, साथ ही ईद के त्योहार पर घरों में मीठी मिठाइयां बनाकर खिलाई, ईद के त्यौहार को लेकर घरों में खुशियां मनाई गई, ईद के मौके पर विभिन्न समाजों के लोगों ने मुस्लिम समाज के बीच पहुंचकर बधाइयां दीं, सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने मुस्लिम भाइयों का स्वागत कर भाईचारे का संदेश दिया। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखी गई सभी ने एकजुटता और भाईचारे का संदेश देते हुए देश में शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की हैं।

### मुस्लिम भाइयों को दी ईद की मुबारकबाद

**भरतपुर ( निस )।** शहर ब्लॉक कांठोस कार्यकर्ताओं ने शहर कांठोस अध्यक्ष डॉ.दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में ईदगाह मस्जिद जाकर मुस्लिम भाईयों को ईद की हार्दिक मुवारकवाद दी। सभी एक दूसरे के गले मिलकर प्रेम भावना प्रदर्शित की तथा देश में अमन चौन व खुशहाली की कामना की। डॉ.दयाचंद पचौरी ने कहा कि ईद का त्यौहार मुस्लिम भाईयों के लिए एक खास त्यौहार है जिसमें ये लोग एक महीने लगातार रोजा रखकर अल्लाह की याद करते हैं तथा देश में खुशहाली व भाईचारे व अमन चेन की कामना करते हैं। हमारा देश हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्मों व सम्प्रदायों को साथ लेकर चलने वाला देशहै जिसमें सभी सम्प्रदाय के त्यौहारों को एक साथ ईद, होली, दीपावली, गुड फ्राइडे, गुरूनानक जयंती आदि को एक दूसरे के साथ मिलकर मनाते हैं। कांठोस कार्यकर्ताओं द्वारा सभी नमाजियों पर पुष्प वर्षा की व फूल मालाओं पहनाकर उनको शुभकामनाएँ प्रेषित कीं व ईद की मुवारक वाद दी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सईद खान ने सभी का आभार प्रकट किया व मिठाई खिलाई गई। जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने भी सभी नमाजियों को ईद की मुवारक वाद दी। इस अवसर पर ई. जीवनलाल शर्मा, मनोज शर्मा, प्रेमसिंह प्रजापति, चन्द्रकांत शर्मा, डॉ. लोकपाल, अवधेश शर्मा, सुरेश पदयात्री, दिगम्बर खटाना, ओमप्रकाश प्रजापति, अशोक ताम्बी, वीरेन्द्र नागर, विष्णु गर्ग, पार्षद राकेश पठानियां, अमित गौरावर, चन्द्रभान फौजदार, नरेश लवानियां, सतपाल सिंह, नवल काका, वशीर खान, मनीष तिवारी, तामील खान, उपेन्द्र चंदेला, अशोक लवानियां, तालिम खान आदि मौजूद थे।

### लक्ष्मी नारायण गुप्ता का सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** अलायंस क्लब भरतपुर प्रान्त 120एन भरतपुर द्वारा सीनियर सिटीजन लक्ष्मी नारायन गुप्ता रिटायर्ड मुंसरिम का 87 बसंत पूर्ण करने पर संधु एसोसियेटस पर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा संस्थापक प्रान्तपाल, ओंकार सिंह संधु प्रान्तपाल, मनोज झालानी, सह प्रान्तपाल हरेन्द्र शर्मा, गिरधारी गुप्ता, ओमप्रकाश आजाद ने साफा, माला, दुपट्टा, स्मृति चिंह, गीता आदि देकर सम्मानित कर उनकी स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर दिनेश कुमार बंसल, जगदीश प्रसाद अठावाल, प्रकाश मोहन, ओमप्रकाश सिंघल ने भी माला, साफा, स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायन ने भी सुखद व स्वस्थ्य रहने के अनुभवों को अवगत कराया।

### गणगौर पर्व मनाया

**मेडता सिटी ।** गणगौर पर्व को लेकर महिलाओं ने धूम मची हुई हे । महिलायें दुल्हनों की तरह तैयार होकर गौर माता व ईशर जी की पूजा अर्चना करती हे । वही शहर में ज्योति नगर बी कॉलोनी सोनाला भेरूजी के पास की महिलाओं द्वारा गोर ईसर जी को पानी पिलाने की परम्परा निभायी गई वही गोर इसर जी की पूजा अर्चना कर गीत गाये । इस मौके पर विमला सिखवाल, लाडू बाई , मंजू लता टेलर , सुमन सोनी , बसंती टाक , डिम्पल टेलर , कोमल सोनी , रवीना टाक , सपना टेलर विनीता वैष्णव , लक्ष्मी वैष्णव , कांता लखारा , हेमू सहित कॉलोनी की महिलाएं मौजूद थी ।

# महिला श्रद्धालुओं ने मां कैलादेवी जी के दर्शन लाभ लेकर पूजी गणगौर माता

**कैलादेवी /करौली।** उत्तरी भारत के सुप्रसिद्ध कैलादेवी जी के चैत्र नवरात्रा मेला शुभारंभ के छठवें दिन करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के दर्शन लाभ लेने से मेले के छठवें दिन तक श्रद्धालुओं की संख्या करीब 16 लाख तक पहुंची शनिवार को महिला श्रद्धालुओं ने कैला मां की चौखट पर ढोक लगाकर मनौती मांगी और उसके बाद गणगौर के त्योहार पर मां गणगौर की पूजा की।

मां कैलादेवी आस्थाधाम इन दिनों लांगुरिया गीतों से गुंजायमान है दूर दराज क्षेत्र से मां कैला देवी जी के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालु डीजे के लांगुरिया गीतों की धुन पर महिला पुरुष श्रद्धालु जमकर नृत्य कर और मां केलादेवी के जयकारे लगाकर श्रद्धा और भक्ति भावना का आनंद ले रही इस वर्ष कैलादेवी जी का चैत्र नवरात्रा मेला 16 मार्च 2026 से शुभारंभ हुआ है लेकिन श्रद्धालु मेले के शुभारंभ के दिन से तीन दिन पूर्व से ही बड़ी संख्या में दर्शन लाभ ले रहे हैं इस वर्ष मेले की शुभारंभ से तीन दिन पूर्व करीब 4 लाख से अधिक श्रद्धालु मां के दर्शन लाभ ले चुके और मेले के शुभारंभ से मेले के छठवें दिन तक करीब 12 लाख श्रद्धाल दर्शन लाभ ले चुके हैं इस प्रकार मेले की छठवीं दिन तक कल 16 लाख के करीब श्रद्धालु मां के दर्शन लाभ ले चुके हैं यह जानकारी मंदिर ट्रस्ट के लीगल एडवाइजर और कंट्रोल रूम प्रभारी एडवोकेट संतोष सिंह सहायक मैनेजर चंद्रकांता ने देते हुए बताया कि इस वर्ष कैला देवी मंदिर ट्रस्ट सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल के निर्देशानुसार कैला देवी मंदिर ट्रस्ट प्रशासन द्वारा दूर दराज से दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की हर प्रकार की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और उन्हें सुगमता के दर्शन लाभ कराने के पूरे प्रयास किया जा रहे हैं।

इधर कैलादेवी जी मेले में प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर पूरा ध्यान रखा जा रहा है दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को मेले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में पूर्ण प्रयास किया जा रहे हैं और हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है वैसे इस बार कैला देवी मंदिर ट्रस्ट प्रशासन द्वारा केला देवी आस्था धाम में सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगाए हुए हैं जिससे मेले में असामाजिक तत्वों और जेब कतरों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है

## बयाना में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना की

■ **गणगौर माता की पूजा कर गुणे शक्कर पारे का भोग लगाया, निकाली विनोरी**

**बयाना भरतपुर ( निस )।** बयाना कस्बे और उपखंड क्षेत्र में शनिवार को गणगौर महोत्सव धार्मिक श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने सोलह श्रृंगार कर गणगौर माता की सामूहिक पूजा-अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद मांगा।

पूजा के दौरान गणगौर माता को विशेष रूप से गुणे शक्कर पारे का भोग अर्पित किया गया। व्रती महिलाओं ने श्रद्धा भाव से गणगौर व्रत की कथा सुनी। इस दिन छोटी बालिकाओं और महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती का रूप धारण किया। कस्बे में जगह-जगह ईसर गणगौर की अगवानी की गई और उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। शीतलाष्टमी के बाद से घरों में गणगौर और बिनौरा देने की परंपरा शुरू हो जाती है, जो इस महोत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कुसुम लता प्रजापत, रेशमा,माधवी, तेजस्विनी, लीला देवी,राजो बंसल, मीना बंसल के अनुसार, यह त्योहार होलिका दहन के दूसरे दिन से शुरू होकर 16 दिनों तक चलता है।

गणगौर महोत्सव चौत्र कृष्ण प्रतिपदा से लेकर चौत्र शुक्ल तृतीया तक मनाया जाता है। महिलाएं इस दौरान पारंपरिक गीत श्नखराली महारी गणगौरश् और श्मार्च महीना निकलेगी गणगौरश् गाते हुए मंगल कामनाएं करती हैं। वे काजल, मेहंदी, हल्दी और सिंदूर की बिंदी लगाकर अपने पति की लंबी उम्र और अमर सुहाग की कामना करती हैं। रोजाना गणगौर की पूजा और श्रृंगार किया जाता है।


## कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति मासलपुर जिला करौली

क्रमांक: पंसमा./लेखा/निविदा/2025-26/1781-1786 दिनांक:- 16.03.2026

### निविदा सूचना संख्या 1-7/2026-27

पंचायत समिति मासलपुर में विभिन्न योजनाओं/शाखाओं में विभिन्न कार्यों व्यवस्थाओं हेतु दर अनुंबंध करने/सामग्री क्रय करने/बोलेरो टैक्सी परमिट वाहन की अनुज्ञा देने के लिए अनुभवी फर्मों/प्रतिष्ठिता संस्थाओं/इच्छुक व्यक्तियोयं से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट में जमा कराकर पंचायत समिति से निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्त प्राप्त कर सकते है। निविदाओं का विवरण निम्न प्रकार है।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत ( लाखों में ) | अमानत राशि | निविदा शुल्क | आरआई एसएल शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर कार्य सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से जॉब आउट सोसिंग बेसिक पर कराना | 3.50 | 7000 | 200 | 500 |
| 2 | बेलेरो टैक्सी परमिट वाहन किराये पर वाहन उपलब्ध कराना | 3.50 | 7000 | 200 | 500 |
| 3 | स्टेशनरी सामग्री आवश्यकतानुसार (दर निर्धारण) | 2.00 | 4000 | 200 | 500 |
| 4 | फोटो स्टेट कार्य आवश्यकतानुसार (दर निर्धारिण | 1.00 | 2000 | 200 | 500 |
| 5 | प्रशिक्षणों एवं बैठकों में चाय नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था आवश्यकतानुसार | 3.50 | 7000 | 200 | 500 |
| 6 | मृतक पशु हड्डी संकलन ठेका वर्ष 2025-2026 | आरक्षित राशि 72365 रू. | 7237 | 200 | |
| 7 | मिटिंग/शिविरों में टैन्ट, कुर्सी, माईक, जनरेअर, आरओ वाटर (कैम्पर) आदि व्यवस्था | 2.00 | 4000 | 200 | 500 |
| | उक्त सभी निविदाओं को बेचने प्राप्त करने एवं खोलने आदि का कार्यक्रम निम्नानुसार होगा। | | | | |
| | निविदा जारी होने की दिनांक 17.03.2026 को 11.00 एएम से 27.03.2026 को 11.00 ए.एम. तक बेची जाएगी। | | | | |
| | निविदा प्राप्त करने की दिनांक व समय :- दिनांक 27.03.2026 प्रातः 12 बजे तक | | | | |
| | निविदा खोलने की दिनांक व समय :- दिनांक 27.03.2026 दोपहर पश्चात् 2 बजे से | | | | |

सामग्री की मात्रा एवं कार्य का विवरण निविदा प्रपत्रों में अंकित है। कार्य/सामग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। निविदा शर्तें एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क नगद/डिमाण्ड विकास अधिकारी पंचाचयत समिति मासलपुर के पक्ष में देय हो जमा कराकर प्रांप्त किया जा सकता है। निविदाए उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर जमा कराई जा सकती है। निविदा का प्रकाशन sppp.raj.gov.in पर किया गया है। निर्धारित प्रारूप में दर प्रस्तुत न करने पर एवं अस्पष्ट होने पर एवं अपूर्ण निविदराओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदाएं बिना कारण बताए निरस्त की जा सकती है।

NIB- ZKR202526A0895
NIB- ZKR202526SSOB01303
ZKR202526RFP0001

( मोहनलाल शर्मा, RRDS)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति मासलपुर

